

# 12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

## अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

भारत सम्मान

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman



वर्ष-13 अंक-12 | अम्बिकापुर, मंगलवार, 13 जून 2023 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# हम पीएम मोदी की अगवानी के लिए उत्सुक, जॉन किर्बी ने भारत को बताया यूएस का बड़ा रक्षा साझेदार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून से 24 जून तक अमेरिका का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करेंगे। ऐसा करने वाले वे भारत के पहले प्रधानमंत्री होंगे। उन्हें प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों ने ऐतिहासिक भाषण देने के लिए निमंत्रण दिया है।




### अमेरिका में भारत एकता मार्च का किया जाएगा आयोजन

अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीय भी पीएम मोदी के आगमन का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, अमेरिका में 18 जून को देश के 20 अगल-अलग शहरों में भारत एकता मार्च का आयोजन किया जाएगा।

### पीएम मोदी के साथ बात करने के लिए कई मुद्दे- जॉन किर्बी

इसी बीच सोमवार को अमेरिकी अधिकारी जॉन किर्बी ने पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर कहा कि हम यहां प्रधानमंत्री मोदी के आने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा,जैसा कि आप जानते हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका की भारत के साथ एक महत्वपूर्ण रक्षा साझेदारी है और क्वाड के अंदर भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत के साथ जबरदस्त सहयोग है। पीएम मोदी के साथ बात करने के लिए बहुत कुछ है। हम प इस यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## सार-समाचार

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने सोमवार को एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाया। अधिकारियों ने बताया कि हंदवाड़ा तहसील के भाटपोरा गांव में सोमवार सुबह बीएसएफ की एक रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) ने आईईडी का पता लगाया गया। आईईडी को एक सड़क पुलिया के नीचे छिपाया गया था। आईईडी के सटीक स्थान का पता लगाने के लिए एक ड्रोन को लगाया गया था। अधिकारियों ने कहा, आईईडी को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, एक ही परिवार के 6 लोगों की दर्दनाक मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में सोमवार को एक कार के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई। हादसा नल्लाजेरला मंडल के अनंतपल्ली के बाहरी इलाके में हुआ। पुलिस के मुताबिक, हैदराबाद से राजामहेंद्रवरम जा रही कार में आठ लोग सवार थे। सभी एक ही परिवार के सदस्य थे। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। पीड़ित राजामहेंद्रवरम के प्रकाश नगर के रहने वाले थे और हैदराबाद से अपने मूल स्थान लौट रहे थे।

### भीषण गर्मी के चलते परिण्डा बांधना अभियान शुरू

**जयपुर।** भाजपा नेता और राजस्थान हाई कोर्ट के अधिवक्ता ईशान मिश्रा पिछले एक दशक से सेवा कार्यों में लगे हुए हैं। मूलत झुंझुनूं जिले के रहने वाले ईशान मिश्रा पिछले कई वर्षो से जयपुर में रह रहे हैं और यहां भी उनके द्वारा सेवा कार्य जारी है। भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था हेतु परिंडे बांधने का कार्य पिछले 8 वर्षो से अनवरत जारी है। इसी क्रम में मालवीय नगर विधानसभा में 100 परिंडे बांधने का सेवा कार्य शुरू किया गया। इस मौके पर एडवोकेट राजेश सामोता, युवा उद्मी राकेश गौड़, बाबूलाल सैनी, कथा वाचक प्रियांशी जी, सचिन सतरावाला, गोविंद, आदि संख्या में सेवा भावी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चक्रवाती तूफान बिपारजॉय : आईएमडी ने गुजरात के तटों के लिए ऑरेंज अलर्ट किया जारी



**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ के तटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। चक्रवाती तूफान बिपारजॉय बेहद खतरनाक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है और आने वाले दिनों में राज्य और पाकिस्तान को प्रभावित कर सकता है। आईएमडी अधिकारियों के अनुसार, चक्रवात के बुधवार सुबह तक उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है, फिर उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा और सौराष्ट्र और कच्छ को पार करेगा और जखाऊ बंदरगाह के पास मांडवी (गुजरात) और कराची (पाकिस्तान) के बीच पाकिस्तान के तटों को गुरुवार दोपहर तक 125-135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाले एक बहुत ही गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बदल जाएगा। आईएमडी ने आगे भविष्यवाणी की है कि बुधवार को सौराष्ट्र और कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़ और मोरबी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के साथ अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी। सौराष्ट्र और उत्तर गुजरात क्षेत्र के शेष जिलों में गुरुवार को भारी वर्षा होने की संभावना है, जबकि शुक्रवार को उत्तरी गुजरात और आसपास के दक्षिण राजस्थान में अधिकांश स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। रविवार को, आईएमडी ने भविष्यवाणी की कि अगले पांच दिनों के दौरान बिहार, झारखंड और तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग इलाकों में लू जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा, दक्षिण हरियाणा-दिल्ली, दक्षिण उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में रविवार से मंगलवार तक और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सोमवार को लू चलने की संभावना है।

# नड्डा, शाह का यूपी दौरा 27, 29 जून को

**लखनऊ।** केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के महासंपर्क अभियान के हिस्से के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह क्रमशः 27 और 29 जून को श्रावस्ती और बिजनौर में रैलियों को संबोधित करेंगे। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा श्रावस्ती और बिजनौर दोनों में बसपा के राम शिरोमणि वर्मा और मलूक नागर से हार गई।



बीजेपी अब तक अपने नेताओं द्वारा जीती गई संसदीय सीट गौतम बुद्ध नगर, फिरोजाबाद, मिस्रिख, गोंडा, लखनऊ, बहराइच, एटा, लखीमपुर खीरी और कैसरगंज में अपनी रैलियों का आयोजन करती रही है।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि चल रहे प्रचार अभियान के दौरान शाह और नड्डा की रैलियां आयोजित करने की योजना संभावित रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के अभियान की दिशा तय करेगी।

यूपी बीजेपी के प्रदेश महासचिव संजय राय ने कहा कि नड्डा और शाह की रैलियों को अस्थायी रूप से रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा, पार्टी आलाकमान से जल्द ही अंतिम मंजूरी मिलने की उम्मीद है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के अभियान को आगे बढ़ाने के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में शाह और नड्डा की रैलियां काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। अखिलेश ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर सरकार की विफलता के लिए आक्रामक रुख अख्तियार किया है।

राय ने कहा कि बीजेपी सोशल मीडिया संवाद, सामाजिक रूप से प्रबुद्ध वर्ग के लिए सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक, टिफिन मीटिंग भी आयोजित करती रही है। ये उन रैलियों के अलावा हैं जो भाजपा अपने सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित करती रही है।

# शिवसेना ने तीर्थयात्रियों पर लाठीचार्ज के लिए सीएम व डिप्टी सीएम से की माफी की मांग

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) ने आलंदी से पंढरपुर तक संत ज्ञानेश महाराज की वार्षिक तीर्थयात्रा में भाग लेने वाले तीर्थयात्रियों पर अकारण पुलिस लाठीचार्ज के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से महाराष्ट्र के लोगों से माफी मांगने की मांग की। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि शिंदे-फडणवीस दोनों को लाठी चार्ज के लिए लोगों और वारकरियों (तीर्थयात्रियों के रूप में जाना जाता है) से माफी मांगनी चाहिए।

राउत ने कहा,मुख्यमंत्री पंढरपुर मंदिर में वार्षिक पूजा करते हैं, इस तरह का व्यवहार लोगों और उन वारकरियों का अपमान है जो अलंदिया से अपनी वार्षिक तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे, जब तक मुख्यमंत्री माफी नहीं मांगते, उन्हें विशेष पूजा का कोई अधिकार नहीं है।



हालांकि, फडणवीस और पुलिस ने इस बात से साफ इनकार किया है कि कोई लाठीचार्ज हुआ था और दावा किया कि यह कुछ वारकरियों के साथ मामूली हाथापाई हुई थी, जो कथित तौर पर रविवार दोपहर मंदिर के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंधे, राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार, मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे, सेना (यूबीटी) के राउत, सुषमा अंधारे और अन्य नेताओं ने वारकरियों की पिटाई के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधा।

सोशल मीडिया पोस्ट और टीवी क्लिप पुलिस कर्मियों और कुछ वारकरियों को एक झगड़े में दिखाते हैं, पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए हल्के लाठीचार्ज का सहारा लिया।

कुछ चश्मदीदों की रिपोर्ट में कहा गया है कि वारकरी प्रशिक्षण संस्था के लगभग 300 से अधिक सदस्यों ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया, इससे गरमागरम बहस हुई।

तीर्थयात्रा में संत ज्ञानेश्वर महाराज की एक पालकी को आलंदी (पुणे) से पंढरपुर (सोलापुर) तक एक लंबी धार्मिक जुलूस में ले जाया जाता है।

पिंपरी-चिंचवाड़ के पुलिस आयुक्त विनय चौबे और डीसीपी विवेक पाटिल और अन्य सरकारी अधिकारियों ने कहा कि किसी को भी कोई लाठी नहीं लगी है। पुलिस ने वारकरियों से केवल अनुरोध किया था कि वे बिना अनुमति के मंदिर में प्रवेश करने से बचें, क्योंकि गर्भगृह में जगह बहुत है छोटा।



# पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन शुरू

**पटना।** बिहार और झारखंड के लोगों के लिए रेलवे द्वारा जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। पटना से रांची के बीच जल्द ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलने वाली है। इसको लेकर सोमवार को ट्रायल शुरू किया गया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह ट्रायल के तहत वन्दे भारत एक्सप्रेस पटना से रांची के लिए रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि यह ट्रेन दोपहर 1 बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में रांची से पटना के लिए यह ट्रेन रांची से अपराह्न 2.20 बजे खुलकर 7.00 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 7.10 बजे खुलकर रात को 8.25 बजे पटना पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि वंदे भारत का यह ट्रायल रन नियमित परिचालन के पूर्व संरक्षा जांच आदि के लिए पूर्णतया परिचालनिक, प्रायोगिक उद्देश्य से किया जा रहा है।

अप एवं डाउन दिशा में इसका परिचालन जहानाबाद, गया, बरकाकाना, कोडरमा, हजारीबाग टाउन और मेसरा के रास्ते किया जा रहा है। ट्रायल रन के दौरान इस ट्रेन का परिचालन तीव्र गति से किया जाएगा।

## संपादकीय

### मंदिरों में छोटे कपड़े पहनने वालों के प्रवेश पर पाबंदी

उत्तराखण्ड के हरिद्वार, ऋषिकेश व देहरादून के कुछ मंदिरों में छोटे कपड़े पहनने वालों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। हरिद्वार के दक्षप्रजापति मंदिर, देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर व ऋषिकेश के नीलकंठ महादेव मंदिर में उचित वस्त्र ना पहनने वाले स्त्री/पुरुषों के प्रवेश पर निषेध लगा दिया गया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा कहा गया है कि अस्सी फीसदी तक तन ना ढांकने वाली स्त्रियों को मंदिरों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अखाड़ों से जुड़े देश भर के मंदिरों में यह प्रतिबंध जल्द ही लागू किया जायेगा । शुचिता के प्रति श्रद्धालुओं की उपेक्षा के कारण यह पाबंदी लगाने की दलील दी जा रही है। लम्बे समय से ढेरों पूजास्थलों पर इस तरह के प्रतिबंध लगते रहे हैं। मजारों व गुरुद्वारों में सख्ती से यह नियम पहले ही लागू है। वहां श्रद्धालुओं को तन ढंकने के साथ ही सिर ढांकने का नियम भी सख्ती से लागू है। हालांकि मंदिरों में इस तरह के कोई प्रावधान कभी नहीं रहे। अमूमन लोग स्वेच्छा से शालीन वस्त्रों में ही पूजा स्थल जाते रहे हैं। मगर इधर के कुछ सालों में समाज के एक वर्ग में जैसे-जैसे कट्टरता हावी होती नजर आ रही है, वैसे-वैसे धर्म की आड़ में नये दायरे तय किये जा रहे हैं। स्वीकारना होगा कि लोगों का ड्रेस सेंस काफी तब्दील हो रहा है। वे मौसम व सुविधानुसार ही वस्त्रों का चयन नहीं करते, बल्कि फैशनपरस्ती भी हावी रहती है। धार्मिक स्थलों में बदनउघाड़ू वस्त्रों का प्रयोग तर्कसंगत नहीं ठहराया जा सकता। कहना गलत नहीं होगा कि इससे श्रद्धालुओं ही नहीं, बल्कि मंदिर के कर्मचारियों समेत पुजारियों/पंडों का भी मन शांत नहीं रह पाता। कम वस्त्रों में अब स्त्रियां ही नहीं फिरतीं, बल्कि पुरुष भी शॉर्ट्स या नेकर व गंजी जैसी टी-शर्ट में दर्शन करने चल पड़ते हैं। उन्हें पर्यटन व पूजा स्थल के भेद को समझना चाहिए । वस्त्रों में भी स्थान - काल - पात्र की गरिमा जरूरी है। यह भी सच है कि सनातन हिन्दू धर्म विराट है। इसमें संकीर्णताओं व बंधनों के लिए स्थान नहीं रहा है । क्योंकि नागाओं के पूजास्थलों में प्रवेश के निषेध की कभी कोई बात नहीं उठी । भक्त व देवताओं के दरम्यान कुछ भी अचीन्हा नहीं है । अपने आराध्य के आगे श्रद्धालु कैसे सिर नबाता है, यह उसकी आस्था पर है। सनातन धर्म किसी भी तरह की कट्टरता से अछूता रहा है, यही इसकी विराटता, महिमा का मुख्य स्त्रोत है । उसे पाबंदियों में बांधने के प्रयास बचकाने ही कहलाएंगे ।

# शादी में गई नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपीयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भारत सम्मान/कुसमी।** शादी कार्यक्रम में गई नाबालिग युवती के दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आपको बता दें घटना दिनांक 07 जून की है जहाँ सुबह करीबन 11.00 बजे कुसमी क्षेत्र के एक गांव में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें एक 16 साल की नाबालिक आदिवासी युवती शामिल होने गई थी। उक्त शादी समारोह में विनोद एक्का,संदीप तिर्की,चंद्रप्रकाश मिंज भी गये हुए थे। संदीप नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर बातचीत करने लगा और उसे आईस्क्रीम खिलाने के बहाने अपने दोनों साथी विनोद एक्का और चंद्रप्रकाश के साथ स्कूटी में उस युवती को बैठाकर कदमटोली ले गया। वहां तीनों लड़के शराब पीये जब लेट होने लगा तो लड़की घर जाने की जिद करने लगी तो तीनों लड़के उसे चलो घर छोड़ देंगे कहकर कंचनटोली बांध ले गये।

रात करीबन 8-9 बजे तीनों लड़के उस युवती के साथ छेड़खानी करने लगे। युवती को अकेला पाकर और अंधेरे का फायदा उठाकर बांध किनारे सुनसान जगह पर दुष्कर्म करने लगे। जब युवती इन लोगों का विरोध करने लगी चिखने चिल्लाने लगी तो तीनों युवक उस युवती के साथ मारपीट कर धमकी दिये कि अगर ज्यादा चिखेगी चिल्लायेगी तो यही पर तुझे मार डालेंगे और अगर इस घटना के बारे में यदि किसी को बताएगी तो तेरे परिवार वालों को भी मार डालेंगे। जिससे युवती डर गयी और सदमें में आ गई। घटना कि थाना में रिपोर्ट होने पर एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी ने एस.पी. डॉ. लाल उमेद सिंह को सम्पूर्ण घटना क्रम से अवगत कराया। जिसके बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपियों की धरपकड़ के आदेश दिये। उक्त आदेश के पालन में आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस द्वारा 02 टीम बनाई गई। पहली टीम एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी, टी.आई. सुनिल केरकेट्टा, करोंधा टी. आई. देवेन्द्र टेकाम, अमोल कश्यप, दीपक बड़ा, चंदरसाय, के द्वारा आरोपी विनोद और संदीप की पतासाजी आरोपियों के घर ग्राम पाकरडीह में किया गया। पुलिस टीम को देखकर दोनों आरोपी बाईक में झारखण्ड की ओर भागने लगे। पुलिस के द्वारा उनका पीछा करने पर ग्राम जैरागी झारखण्ड के पास लगे जंगल में छिप गए। रात भर काफी खोजबीन करने के बाद सुबह करीबन 6.00 बजे दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली। दूसरी टीम जिसमें सउनि प्रकाश तिर्की,ओमप्रकाश,संजय साहू, देवतराम एक्का, संजय कुजूर, शामिल थे। जिसने आरोपी चन्द्रप्रकाश की गिरफ्तारी हेतु उसके निवास हंसपुर दबिश दिया,परंतु आरोपी फरार हो गया था। सायबर सेल के माध्यम से आरोपी का लोकेशन पता करने पर उसका लोकेशन अंबिकापुर मिलने पर टीम के द्वारा रातों-रात आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।

### सड़क की समस्या से जूझ रहे लोग, मोहल्लेवासियों ने सौंपा ज्ञापन, जल्द सड़क व नाली बनाने की मांग



**रायगढ़।** शहर के अब भी कई वार्ड हैं जहां सड़क, नाली की समस्या बनी हुई है। इससे वहां रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सोमवार को वार्ड क्रमांक 24 के मोहल्लेवासी आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ नगर निगम पहुंचे। जहां महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए सड़क व नाली की समस्या को दूर करने की मांग की है।

मोहल्लेवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 24 बोइरदादर में लंबे समय से कच्ची सड़क है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पक्की सड़क व नाली नहीं होने से पानी घरों में घुसता है तो सांप बिच्छु का भी डर उन्हें रहता है। इसके अलावा बच्चे भी बाहर नहीं खेल पाते हैं। महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए मोहल्लेवासियों ने जल्द ही इन समस्याओं को दूर करने की मांग की है।



### स्कूल वाहनों को 16 बिन्दुओं में करानी होगी जांच

**सूरजपुर।** सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देश के परिपालन 16 बिन्दुओं की शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु तथा परिवहन मुख्यालय रायपुर द्वारा स्कूल बसों की जांच हेतु सख्त निर्देश प्राप्त हुये हैं। आपके स्वामित्व की स्कूल वाहन जो जिले में पंजीकृत है का सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देश अनुसार निम्नांकित 16 बिन्दुओं की जाँच किया जाना अनिवार्य है, वाहन का रंग पीला, आगे पीछे स्कूल बस, संस्था का नाम पता मो.नं. लिखा होना चाहिये। ग्रिल क्षेतिज एवं खिड़की में जाली लगा हो। प्राथमिक उपचार पेटी एवं अग्निशमक यंत्र होना चाहिए। आपातकाल के लिए प्रशिक्षित सहायक। चालक को भारीयान चलाने का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव हो। संस्था का शपथ पत्र की चालक शराब पीकर वाहन नहीं चलाएगा। सुरक्षात्मक रूप से पालक या शिक्षक के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को यात्रा की अनुमति न हो। सीट के नीचे स्कूल बैग रखने की जगह हो। स्पीड गवर्नर अधिकतम सीमा 40 किमी प्रति घंटे हो। दाहिने भाग में आपातकालीन दरवाजा हो। बस के दरवाजे विश्वसनीय लॉक सिस्टम से बना हो। खिड़की पारदर्शक हो। कोई भी अपारदर्शी फिल्म न लगी हो। प्रेशर हार्न निषेध, रात्रिकालीन संचालन में बस के भीतर नीले बल्ब का प्रयोग। बस की नियमित साफ सफाई। वाहन का फिटनेस वैध हो। वाहन का बीमा, प्रदूषण, परमिट कर प्रमाण पत्र वैद्य हो। जीपीएस एवं सीसी कैमरा। वाहन 12 वर्ष से पुराना न हो। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके स्कूल में संचालित समस्त स्कूल बस को 16 बिन्दुओं के आधार पर निरीक्षण कराने एवं वाहन के समस्त मूल दस्तावेज, चालक अनुज्ञप्ति सहित 16 जून 2023 दिन शुक्रवार को जिला परिवहन कार्यालय सूरजपुर में 01 बजे से 5 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का दंश झेल रहा टारपाली का जर्जर आंगनबाड़ी भवन




**रायगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा और दिशा सुधारने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार छोटे-छोटे बच्चों के अच्छे विकास,पोषण और आरंभिक शिक्षा के पीछे बहुत बड़े पैमाने पर पैसे बहा रही है। इस काम के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रहीं हैं। ऐसे में बहुत सारे आंगनबाड़ी तो सुचारू रूप से संचालित होते हैं,लेकिन कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र भी हैं, जिनकी स्थिति देखकर प्रशासन के व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लग जाते हैं। ऐसा ही एक आंगनबाड़ी भवन है टारपाली का जो जर्जर किराये के मकान में अब भी संचालित हो रहा है।

मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत टारपाली में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवन की सुविधा मुहैया नहीं हो पाई है, किराया से भवन लेकर आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत टारपाली में 5 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, लेकिन 5 केंद्रों में से 4 केंद्र शासकीय भवन मे संचालित है। एक आंगनवाड़ी केंद्र किराया का मकान लेकर केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

#### किराये के भवन मे पर्याप्त नहीं है सुविधा

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की माने तो पर्याप्त सुविधाए नहीं है। इतने में सर्वसुविधा युक्त भवन नहीं मिल पा रहे हैं। ज्यादातर केंद्रों में शौचालय व पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है। आलम तो यह है कि केंद्रों में जितने बच्चे पंजीकृत हैं, यदि सभी बच्चे आ जाएं तो उनके बैठने तक के लिए जगह नहीं हो पाएगी।

#### ग्रामीण अंचलों की बदहाल है स्थिति

ग्रामीण अंचल में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन को लेकर स्थिति और अधिक चिंताजनक है। जहां केंद्रों को स्वयं के भवन हैं, वह जर्जर स्थिति में है तो कहीं किराये के भवन लेकर केंद्र चलाए जा रहे हैं। जर्जर भवन में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चे कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। भवनों की जर्जर छत का प्लास्टर उखडकर गिरता रहता है। जिससे बच्चों के घायल होने का खतरा बना रहता है।


#### बारिश के मौसम में ज्यादा खतरा, टपकती रहती है छत

जर्जर भवनों में संचालित आगनबाड़ी केंद्रों में बारिश के मौसम में खतरा बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में भवनों की छत से पानी टपकता रहता है। जिससे फर्श पर पानी भी जमा हो जाता है। ऐसी हालत में केंद्र का सुचारू रूप से संचालन कर पाना अपने आप में एक चुनौती हो जाती है। वही बारिश के समय छत से पानी टपकने के कारण आंगनबाड़ी मे रखा सामान और कॉपी किताबें भीग जाती है।

# व्हीआईपी करिश्मा अपार्टमेंट मे गोली चलने का मामला, पिस्टल से नहीं रायफल से फायरिंग की आशंका, लेजर मशीन से जांच

**रायपुर।** पंडरी थाना क्षेत्र के वीआइपी करिश्मा अपार्टमेंट में इंद्रमणी कोल के अकाउंटेट विजय शेखर पाण्डेय के फ्लैट में रविवार सुबह गोली चली। इस मामले में पुलिस को पिस्टल की जगह रायफल से गोली चलाए जाने की आशंका है। वहीं दूसरे दिन भी जांच जारी रही। अब तक पुलिस को खाली कारतूस बरामद नहीं हो सका है। इस वजह से किस स्तर की बंदूक से गोली चली इस बात का पता नहीं चल सका है।





### ब्रिज के ऊपर से कार फायरिंग की आशंका

घटना सुबह 10 से 11 बजे के बीच की है। ऐसे में पैदल या बाइक से आकर फायरिंग करने की बात से पुलिस इनकार कर रही है। पुलिस को आशंका है कि बदमाश कार से आकर ब्रिज के ऊपर से टारगेट लगाकर फायरिंग की है।

### उस समय पर गुजरी कारों की जांच

पंडरी ओवरब्रिज में सुबह 10 से 11 बजे के बीच रविवार को जितनी कार गुजरी है, उस संबंध में जानकारी जुटा कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने तीन किलोमीटर के दायरे के सीसीटीवी के माध्यम से जो फुटेज हासिल किए हैं। उनमें से आधा दर्जन कारों को पुलिस संदिग्ध मान रही है।

### टारगेट में कोई और तो नहीं इसकी भी जांच

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बदमाशों के टारगेट में विजय पांडेय का फ्लैट था कि या फिर कोई और। अलग-अलग फ्लैट के लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

## जिसे समझा छिपकली की पूंछ वह निकला कोबरा



**कोरबा।** कभी-कभी जो दिखाई देता है वह वास्तविकता से परे होता है। ऐसे घटना कोरबा विकासखंड के जटराज में देखने को मिली है। फ्रिज के नीचे दिखाई दे रही जिस पूंछ को ग्रामीण छिपकली की समझ रहा था वहा वास्तव में कोबरा का था। नीचे झुक कर देखा तो उसके हाथ पांव फुल गए। घटना की सूचना वन विभाग के रेस्क्यू टीम को दी गई जिन्होने पकड़ कर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा तब जाकर घर के लोगों ने राहत की सांस ली। सर्वमंगला मंदिर के आगे ग्राम चंद्र नगर जटराज में निवासरत हिमांशु अपने मां और भाई के साथ घर में सो रहा था। उसे क्या मालूम था उसके घर में मौत मंडरारहा है। रात समम प्यास लगने से उसकी नींद खुल गई वो पानी पीने के लिए किचन में गया। बड़े आराम से फ्रीज का दरवाजा खोल पानी का बोटल निकाल पानी पीने लगा। तभी उसकी नजर फ्रीज के नीचे पड़ी तो उसको लगा छिपकली की पूछ है। पूंछ का छोटा सा हिस्सा उसने बोटल हलका स्पर्श किया। तभी गुस्सैल कोबरा ने जोर से फुफकार लगाई। तब फिर क्या था हिमांशु के हाथ पैर फूल गए, वो डर से भाग खड़ा हुआ और घर के बाकी लोगों को उठाया। डरे सहमे घर वालों ने अपने आस पास के लोगों को बुलाया। कुछ लोग इकट्ठा होने के बाद एक जगह बैठे कोबरा को निकालने का प्रयास भी किया पर उसके आकार और गुस्से को देख हिम्मत नहीं जुटा पाए। फिर इसकी सूचना वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख वन विभाग सदस्य जितेन्द्र सारथी को दी गई। मौके स्थल पर पहुंचे सारथी ने बताया यह कोबरा सांप है। सारथी ने सुरक्षित तरीके से साप को रसोईघर से बाहर निकाला और डिब्बे में बंद किया तब जाकर सभी ने राहत भरी सास ली।

## मिक्सर वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार चार किशोरों की मौत



**कोरबा।** जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाली थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात चैतमा के पास एक भीषण सड़क हादसे में चार नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। बताया जाता है कि चारों लड़के एक ही बाइक पर सवार थे। रास्ते से कहीं जा रहे थे इस बीच चैतमा बस स्टैंड ओवरब्रिज के पास सामने से आ रही मिक्सर वाहन ने बाइक को ठोकर मार दिया। चारों लड़कों को गंभीर चोटेंआई। इस पर सवार सभी सड़क पर इधर-उधर फेंका गये। सिर में गंभीर चोट लगने से लड़कों ने एक-एक कर दम तोड़ दिया। बाइक को ठोकर मारने वाले की पहचान दिलीप बिल्डकान कंपनी की गाड़ी से की गई है। बताया जाता है कि चारों लड़के चैतमा के रहने वाले हैं। टक्कर इतना जोरदार था कि युवक सड़क पर गिर गए। उनकी मौत हो गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। चालक की पतासाजी कर रही है। घटना से लोगों में नाराजगी है। पुलिस ने शव को उठाने की कोशिश की पर नाराज लोगों ने चक्का जाम कर दिया।

## जिला मुख्यालय से लगे रमन टोला में होगा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार

### 0 भेंट मुलाकात कार्यक्रम में रमन टोला पहुंचे संसदीय सचिव

### 0 नागरिकों की मांगों पर उचित पहल करने का दिया आश्वासन

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत रमन टोला के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत आज सोमवार को संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर रमन टोला पहुंचे। उन्होंने यहां नागरिकों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं जानी। संतोष कुमार वर्मा, रघुनंदन हरबंश, समारू राम मन्नाडे, पुष्पा गायकवाड़, शैलेंद्र कुमार, नेतराम साहू, नंदकुमर, मोहन साहू, वेद चंद्राकर, चेतन दीवान आदि ने बताया कि शहर से लगा हुआ रमन टोला ग्राम पंचायत मचेवा के अंतर्गत आता है। पूरा रमन टोला क्षेत्र व्यवस्थित तरीके से कॉलोनी के रूप में विकास कर रहा है। यहां निवासरत लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। यहां पक्की सड़क और नाली का अभाव है। जिससे गंदा पानी मार्ग में बहता रहता है। गंदगी के चलते बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने उचित पहल का आश्वासन दिया। इसी तरह नागरिकों ने बताया कि यहां लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। बिजली पोल के साथ ही यहां ट्रांसफार्मर लगवाने की जरूरत है। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने बिजली विभाग से चर्चा कर उचित पहल करने की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से राजू यादव, किशन देवांगन, राहुल ध्रुव, कमल प्रजापति, हितेंद्र देवांगन, गेंदू साहू, दीपक यादव, राकेश थवाईत, देवेंद्र साहू, गौरव चंद्राकर, डेविड चेलक, संजय चंद्राकर, संतोष शर्मा, अंबिका प्रसाद शर्मा, लालाराम साहू, चेतन सिंह दीवान, गेंदराम साहू, नाथूराम, विजय शर्मा, सीताराम चेलक, नेतराम साहू, अनिता हरबंश, कमला साहू, स्वर्णलता शर्मा, योगेश आदि मौजूद रहे।

## हृदय रोगी को पहली बार लगा विश्व का सबसे छोटा पेसमेकर, एसीआइ में मिला नया जीवन





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट (एसीआइ) में विश्व के सबसे छोटे आकार का पेसमेकर प्रत्यारोपित कर मरीज को नया जीवन दिया गया। जहां मरीज को लगने वाला पेसमेकर सामान्यतः 25 से 30 सेंटीमीटर का होता है, विश्व का सबसे छोटा पेसमेकर पांच सेंटीमीटर का है।

एसीआइ में कार्डियोलाजी विभागाध्यक्ष डा. स्मित श्रीवास्तव बताया कि राजनांदगांव निवासी 63 वर्षीय मरीज के हृदय में विटामिन वाले कैप्सूल के आकार का पेसमेकर प्रत्यारोपित कर हृदय की समस्या से निजात दिलाई। प्रत्यारोपण के बाद दिल के चैंबर में तैरने वाले इस पेसमेकर का नाम माइक्रा है, जो लीडलेस यानी बिना लीड के जांघ की नसों के माध्यम से प्रत्यारोपित किया जाता है।

मरीज ने बताया कि वर्ष-2010 से फरवरी-2023 में आठ बार हृदय के आपरेशन की जटिल प्रक्रिया से गुजर चुका था। हृदय की समस्या से जूझते मरीज को आटो इम्यून डिसआर्डर होने के कारण हर्पीज की समस्या हो गई और छाती में इंफेक्शन हो गया। मवाद बहने लगा। अंततः मरीज वापस एसीआइ पहुंचा और यहां उसे हृदय की इन सभी जटिलताओं का समाधान सबसे छोटे पेसमेकर के प्रत्यारोपण के बाद मिला। चिकित्सकीय टीम में डा. स्मित श्रीवास्तव के साथ डा. सीके दास, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डा. तान्या छौड़ा, टेक्नीशियन आइपी वर्मा, खेम सिंह, नवीन ठाकुर, जितेन्द्र, आशा, बी जान, डेविड, खोगेन्द्र आदि थे।

### ऐसे संपन्न हुई प्रक्रिया

डा. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे पहले दायीं जांघ के फीमोरल वेन से नीडिल डाला गया। उसके बाद शिफ्ट वायर के ऊपर इंट्रोट्यूब डाला। इंट्रोट्यूब के ऊपर से माइक्रा डिलीवरी सिस्टम को डाला गया। माइक्रा को अंदर ही अंदर डिलीवरी सिस्टम के माध्यम से रिलीज किया गया। माइक्रा सिंगल-चेंबर पेसमेकर होता है, जो एक विटामिन के कैप्सूल के आकार का होता है और इसे सीधे हृदय में लगाया जा सकता है। इसलिए इसमें लीड्स को भी प्रत्यारोपित करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। प्रत्यारोपण के बाद लीड लेस पेसमेकर हृदय को विद्युत तरंगे भेजता रहता है, जिससे दिल धड़कता रहेगा। इसमें इंफेक्षन की संभावना काफी कम होती है और बैटरी लाइफ 12 साल तक रहता है। एसीआइ विभागाध्यक्ष कार्डियोलाजी डा. स्मित श्रीवास्तव का कहना है कि हृदय रोगियों को लगने वाला पेसमेकर सामान्यतः 25 से 30 सेंटीमीटर और वजन 100 से 150 ग्राम तक होता है। लेकिन छत्तीसगढ़ में पहली बार मरीज को लगाया गया विश्व का सबसे छोटा पेसमेकर पांच सेंटीमीटर और 1.7 ग्राम वजनी है। यह पेसमेकर हृदय रोगी की स्थिति को हुए जटिल प्रक्रिया के तहत लगाया जाता है।

## कलेक्टर ने वेयर हाउस में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### एफएलसी के दौरान कड़ी सुरक्षा के दिए निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज सुबह 9.00 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित ईवीएम व्ही.व्ही. पैट वेयर हाउस में चल रहे ईवीएम मशीनों का (एफएलसी) प्रथम स्तरीय जांच का निरीक्षण किया। विदित हो कि 10 जून 2023 शनिवार से एफएलसी चालू है जो 27 जून 2023 तक चलना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शिता अपनाते हुए सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में प्रथम स्तरीय जांच ईवीएम मशीनों का किया जा रहा है। प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के दौरान राजनैतिक दलों को विभिन्न पारदर्शी पूर्वक प्रक्रिया से अवगत कराया गया। चुनाव के कार्य में लगे सभी व्यक्तियों को पारदर्षी एवं कुशलता पूर्वक एफएलसी की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देष दिये साथ ही एफएलसी से जुड़े सभी मास्टर ट्रेनर और अधिकारी को निर्देषित किया गया कि वे ईवीएम के संबंध में समस्त जानकारी प्राप्त करें। अगली चरण में प्रषिक्षण की प्रक्रिया चालू होनी है। जिसमें पार्टी के कर्मचारियों को प्रषिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान उन्होंने एफएलसी के लिए बनाए गए वेयर हाउस का अवलोकन किया और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एफएलसी के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एफएलसी केंद्र में अनाधिकृत व्यक्ति को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाए। एफएलसी (फर्स्ट लेवल चौकिंग) कार्य इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद से आए 10 इंजीनियर्स की उपस्थिति मान्यता प्राप्त वेयर हाउस में एफएलसी कार्यों का अवलोकन राजनीतिक दलों के समक्ष किया गया। वेयर हाउस में प्रवेश से पूर्व पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिनिधियों, पत्र जारी कर अधिकृत व्यक्तियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रवेश पहचान होने के उपरांत ही उन्हें वेयर के समय स्क्रीनिंग की जा रही है। हाउस में प्रवेश दिया जाए। इसके अलावा एफएलसी सुपरवाईजर रवि सिंह ने बताया कि मोबाइल, कैमरा, स्पाय पेन, स्मार्ट वॉंच सहित किसी भी अन्य प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस को बाहर बने काउंटर में ही जमा कराया जा रहा है।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** मेकाहारा में लेप टेक्निशियन के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 78 की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अखिलेश दास भारती 27 वर्ष ग्राम डुण्डा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी चमन लाल सिन्हा ने प्रार्थी एवं इसकी पत्नी व अन्य लोगों को मेकाहारा में लेप टेक्निशियन के पद नौकरी लगाने का झांसा देकर 3 लाख 78 हजार रुपए का ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पैसे के लेन देन को लेकर युवक से मारपीट

**रायपुर।** पैसे के लेन देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सौरव तोलानी 20 वर्ष महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी करण पिंजानी 24 वर्ष ने पैसे के लेन-देन के लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर।** तेलीबांधा स्थित बेबीलॉन केपिटल के पार्किंग में दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सेवकराम साहहू 43 वर्ष आमासिवनी विधानसभा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात बेबीलॉन केपिटल के पार्किंग में पुरानी रंजिश के चलते आरोपी विक्की साहु व पुरूषोत्तमू साहू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक पर नुकीली चीज से हमला

**रायपुर।** सरोना नया बाजार चौक के पास अज्ञात लड़कों ने एक युवक के बाइक में तोड़फोड़ कर मारपीट किए और नुकीली चीज से जांघ पर हमला कर घायल कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौरव वर्मा 23 वर्ष डिपरापारा रायपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर सरोना नया बाजार चौक के पास अज्ञात कुछ लड़कों ने प्रार्थी के बाइक में तोड़फोड़ किया। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से मारपीट कर नुकीली चीज से जांघ पर हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## जमीन विवाद को लेकर बुजुर्ग से मारपीट

**रायपुर।** वार्ड क्रमांक 9 नेवरा में जमीन विवाद के चलते चार लोगों ने बुजुर्ग से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कन्हैया गेंड्रे 60 वर्ष वार्ड क्रमांक 9 नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ध्रुवराम गेंड्रे व अन्य 3 लोगों ने जमीन विवाद के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने आरोपी राजेश पाल 50 वर्ष व दशरथ साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी दूर्योधन ताण्डी 38 वर्ष व विष्णु साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी कमलेश कुमार 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी फतीश कुमार बघेल 26 वर्ष व ओमप्रकाश मेहर 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवक के पास से 4.1 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि होटल कोटियार्ड मेरियाड के गली में एक युवक अवैध रूप से ब्राउन शुगर खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी दीपेश चंद्रा 26 वर्ष व सूर्य प्रकाश साही 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से 4.1 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया है। जिसकी कीमत 27 हजार रुपए के आसपास बताई जहा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# अवैध शराब की आड़ में भयादोहन में जुटा आबकारी अमला

## ठेकेदारों की तर्ज पर पण्डों के साथ देते हैं दबिश

**कोरबा।** जिले का आबकारी अमल अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के नाम पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों का भयादोहन कर रहा है। ठेकेदारों की तर्ज पर जिले भर में कई बाहरी लोगों का उपयोग छापामारी में किया जा रहा है, जो लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने में भी पीछे नहीं रहते। ऐसा ही एक मामला शनिवार को कोरबा में और दूसरा मामला कोरकोमा गांव में हुआ है।



जानकारी के अनुसार रामनगर बाईपास रोड कोरबा निवासी कलशमति बंजारे पति लखनराम बंजारे 60 वर्ष के घर पर शनिवार 10 जून 2023 की सुबह करीब 7 बजे आबकारी विभाग के अधिकारी अग्रवाल ने 5 से 6 लोगों के साथ छापा मारा। सभी जबरिया घर के अंदर घुस कर तलाशी लेने लगे। उन्होंने अलमारी सहित किचन, बेडरूम में रखे कपड़ा बिस्तर की तलाशी ली। इसी बीच अलमारी की भी तलाशी ली गई, जिसमें 5000 रुपया नगद रखा हुआ मिला, जिसे शराब बेचते हो कहते हुए बिक्री की रकम बता कर अपने पास रख लिए।

कलशमति बंजारे ने बताया कि उसके द्वारा मना करने पर गंदी गंदी गालियां देते हुए उसे जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए अश्लील गली गलौच की गई। उसे दो थप्पड़ मारा गया और कहा गया कि तू घर पर शराब छुपा रखी है। बता कहाँ रखी है शराब। इस बीच उसका भतीजा मोहन बंजारे ने घटना का विरोध किया। अगल. बगल के लोग भी वहां एकत्रित हो गए, जो घटना को देख रहे थे। इसके बाद आबकारी अधिकारी अग्रवाल के निजी कर्मचारियों के द्वारा भी पीटा गया। इस दौरान सभी कर्मचारी पुरुष थे और मुझे लगातार गाली देते रहे। कलशमति बंजारे को बांह पकड़कर उसके भतीजा सहित जबरन स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर पंप हाउस कोरबा स्थित आबकारी कार्यालय में ले गए। वहां आने के बाद कलशमति बंजारे से कई तरह के कागजों में साइन करने को कहा गया। कलशमति बंजारे ने बताया गया कि वह पढ़ी.लिखी नहीं है। उसने साइन करने से इनकार किया, जिसके बाद बलपूर्वक अंगूठे को पकड़कर आबकारी अधिकारी अग्रवाल और उसके निजी कर्मचारियों के द्वारा अंगूठा लगवा लिया गया। साथ ही कार्यालय में पहले से रखे प्लास्टिक के जरकिन को अगल-बगल रख कर उसके भतीजे का फोटो खींच लिया गया। कलशमति बंजारे ने आरोप लगाया है कि उससे और उसके भतीजे से 40- 40 हजार रुपए की मांग की गई और कहा गया कि जब तक रुपये नही दोगे, तब तक तुम्हें यहां से नहीं जाने दिया जाएगा और शराब बनाने और बेचने के आरोप में तुम दोनों को जेल भेज दिया जाएगा। बताया गया है कि आबकारी अधिकारी अग्रवाल व कर्मचारियों के द्वारा 2 दिन का मोहलत देते हुए 80000 रुपए की मांग की गई है।

शनिवार की सुबह ही ऐसा ही एक अन्य मामला सामने आया है। रजगामार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम कोरकोमा में लक्ष्मी सारथी निवास करता है। प्रतिदिन की तरह लक्ष्मी काम पर गया हुआ था। घर में उसकी पत्नी अकेली थी। वह अपने घर का काम निपटा रहीं थी। इसी दौरान घर के सामने सफेद रंग की स्कार्पियों वाहन पहुंची। इस वाहन में चार पांच की संख्या में लोग सवार थे। इनमें कुछ आबकारी विभाग के वर्दीधारी जवान तो कुछ सादे कपड़े में थे। वे दनदनाते हुए लक्ष्मी के घर भीतर घुस गए। उन्होनें घर की तलाशी लेनी शुरू कर दी। वे काफी देर तक घर के भीतर शराब अथवा नशीले पदार्थ की खोजबीन करते रहे, लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा। इसके बाद मायुस अमले ने महिला से पूछताछ शुरू कर दी। उनके सवालों का जवाब महिला देती रही। उनके बातों से परेशान होकर महिला ने उल्टा सवाल पूछना शुरू कर दिया। उसने बिना अफसर व महिला कर्मचारी सूने मकान में दबिश पर सवाल उठाया। इससे नाराज आबकारी अमले ने महिला से अभद्रता करते हुए लाठी से हमला कर दिया गया। जिससे महिला को चोटें आई। इस बीच कुछ ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो चुके थे। वहीं आबकारी अमले की छापा की खबर पर परिजन भी आ पहुंचे। महिला के साथ हाथापाई की खबर से ग्रामीणों को आक्रोशित होते देख आबकारी अमल वाहन को घुमाकर कोरबा की ओर लौट गया।

जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण कोरबा जिले में आबकारी विभाग का अमला इसी तर्ज पर लोगों का भयादोहन कर रहा है। ठेकेदारों की तरह विभागीय अफसरों के पंडा पल रखा है, जो लोगों को प्रताड़ित करते हैं। बताया जाता है कि जिले में करीब 20 पण्डे काम कर रहे हैं, जिनका भुगतान अवैध वसूली की रकम से की जाती है।

आपको बता दें कि करीब दो माह पहले भी ऐसी ही एक घटना हुई थी। रामपुर विधान सभा क्षेत्र के एक परिवार को पम्प हाउस वार्ड के कार्यालय में बिठा दिया गया था। इस बात की सूचना रामपुर विधायक ननकीराम कंवर को हुई और वे आबकारी आफिस आये तो उनके आने की खबर पाकर ग्रामीण परिवार को छोड़ दिया गया और आबकारी अमल दफ्तर में टाला लगाकर गायब हो गया था। इसी घटना के बाद विधायक ने खुले मंच से शराब पकड़ने आने वाले लोगों की पिटाई करने की अपील ग्रामीणों से की थी।

## पति के घर नहीं आने से दो पत्नियों ने दे दी जान



**कोरबा।** ड्राइवर के पेशे से जुड़े पति के घर नही आने से दो पत्नियों ने जान दे दी। दोनों घटना अलग-अलग जगह पर हुई। दोनों ही मृतका नवविवाहित थी। पुलिस ने मर्ग कासिम किया है। कार्यपालिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में इनके शव का पंचनामा और डॉक्टर के पैनल के द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा। कोरबा जिले के पाली पुलिस थाना के अंतर्गत चैत्मा चौकी में आने वाले ग्राम चतुआभौना में 26 वर्षीय श्रीमती सुनीता कोर्राम का शव घर पर स्थित बिही पेड़ पर फांसी के फंदे में लटका मिला। उसका पति घनश्याम कोर्राम ड्राइवर है, जो 3 दिन से घर नही आया था। इस बात को लेकर पिछली रात फोन पर दंपत्ति में बहस हुई थी। अगले दिन पत्नी मृत मिली। ससुर श्रीमणसिंघ की सूचना पर चैतमा पुलिस ने संज्ञान लिया। जांच एएसआई एस के जोगी कर रहे है। दूसरी घटना कटघोरा थाना के कोरबी में हुई। वहां 22 वर्षीय सुनीता नायक ने घर पर फांसी लगा ली। उसका पति संजय नायक ड्राइवर है। वह भी 3 दिन से घर नहीं आया था। इन कारणों से पत्नी परेशान थी। आज सुबह परिजनों ने सुनीता को मृत पाया और पुलिस को सूचित किया। एएसआई रफीक खान मामले की विवेचना कर रहे है।



## रेत के अवैध भंडारण पर हुई जब्ती की कार्रवाई

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत के भंडारण पर जब्ती की कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि आज जनदर्शन कार्यक्रम में रेत के अवैध भंडारण संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर एसडीएम धमधा विपिन सोनी के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार बोरी द्वारा ग्राम सेवती तहसील बोरी में अवैध रूप से भंडारण की गई रेत को जब्त कर संरपंच के सुपुर्द किया है। उन्होंने खनिज निरीक्षक दुर्ग, ग्राम के सरपंच, कोटवार व ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए जब्त की गई रेत को सरपंच के सुपुर्द किया है।

हॉस्पिटल, हॉस्टल, बैंक, कार्यालय, शिक्षण संस्थान, कोचिंग सेंटर इत्यादि हेतु भवन किराए से देना है।
अम्बिकापुर में बनारस मेन रोड पर स्थित
एरिया लगभग 14000 वर्ग फीट ।
स्थान-फुन्दुरडिहारी बनारस रोड, होटल-बंधन के सामने ।
भवन ग्राउंड +3 स्टोरी, भवन में दोनों तरफ रोड,
कॉर्नर बिल्डिंग । भव्य पार्किंग सुविधा उपलब्ध है।
इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें
9826105859






स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547